## महत्वपूर्ण एवं खास

### 90 सीटों के लिए 63 आईएएस और 33 आईपीएस बनाए गए आब्जर्बर

**रायपुर (आरएनएस)।** भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 90 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रशासनिक और पुलिस आब्रजर की पोस्टिंग कर दी है। इनमें से पहले चरण के जिन 20 सीटों पर चुनाव होने हैं, वे आब्जर्बर अपने-अपने विधानसभा सीटों पर पहुंच कर कामकाज संभाल लिया है। बची 70 सीटों के आब्जर्बर 30 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेंगे। इस बार महत्वपूर्ण यह है कि जहां जरूरत नहीं है वहां दो-दो, तीन-तीन विधानसभा सीटों के लिए एक-एक आब्जर्बर की नियुक्ति की गई है। मसलन, जशपुर की तीन सीटों के लिए एक प्रशासनिक आब्जर्बर बनाया गया है। इसीलिए 90 सीटों के लिए 63 आईएएस आब्जर्बर और 33 आईपीएस आब्जर्बर अपाइंट किए गए हैं। आईएएस में 2004 बैच से लेकर 2013 बैच तक के अफसरों को प्रेक्षक बनाया गया है।

### स्वर्गीय धीवर के परिजनों को प्रदान की गई एक्सग्रेसिया राशि

#### निर्वाचन कार्य के दौरान धीवर की हुई थी मृत्यु

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा क्षेत्र-52 आरंग के पारा गांव नदी मोड नाकाबंदी पाईंट स्थैतिक निगरानी दल में कार्यरत वीडियोग्राफर स्व. धनंजय धीवर के परिजनों को आज अनुग्रह राशि 15 लाख रूपये प्रदान किया गया। धीवर निर्वाचन दायित्व में संलग्न निजी व्यक्ति थे, जिनकी 13 अक्टूबर 2023 को निर्वाचन कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा उनके लिए मृत्यु उपरांत एक्सग्रेसिया राशि की स्वीकृति दी गई। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आज मृतक के परिजनों को आज यह राशि प्रदान की गई।

### पुलिस ने जाच में पकड़ा डेढ़ लाख का कपड़ा और साढ़े चार लाख नगद

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले में चेकिंग अभियान के दौरान एफएसटी और एसएसटी की टीम को दो अलग-अलग जगह में बड़ी कामयाबी मिली है. पहला मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है. यहां चेकिंग के दौरान एफएसटी की टीम ने कार से भारी मात्रा में कपड़ा जब्त किया गया. वहीं दूसरी ओर शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में स्स्ज्ज की टीम कार से लगभग 5 लाख नगदी जब्त किया है. एफ एसटी की टीम ने देर रात वाहन चेकिंग के दौरान नेशनल हाइवे में सारा गांव के पास कार की चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध कपड़ा बरामद किया है। एफएसटी की टीम ने मध्यप्रदेश के गोरखपुर, जबलपुर का रहने वाला कार चालक सचिन खत्री से कपड़ों के विषय में जानकारी मांगी लेकिन उसने कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। जिसके बाद 1 लाख 34 हजार रूपये का कपड़ों के साथ कार को जब्त किया गया है और सारागांव पुलिस को सौंप दिया है। मामले में चालक के खिलाफ धारा 103 आईपीसी के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरे मामले में शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान कार से 4 लाख 65 हजार रूपये नगद जब्त किया गया है। शिवरीनारायण के शबरी चौंक में नाकाबंदी कर एसएसटी की टीम संदिग्ध वाहनों की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान बिलासपुर का सुमित वाधवानी और राजेश कसेर की कार से पहुंचे। जिन्हें रूकवाकर तलाशी ली गई तो उनके कार से 4 लाख 65 हजार 850 रूपये नगद मिले। पुलिस ने उनसे रूपयों के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग की और पर्याप्त जानकारी नहीं मिलने पर धारा 102 आईपीसी के तहत रूपये जब्त करते हुए कार्रवाई की है। फिलहाल दोनों मामले की जांच चल रही है।

# एनआईटी रायपुर में आवर्तन 23-24 का किया गया उद्घाटन

**प्रदर्शित किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल**

**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में 28 अक्टूबर 2023 को संस्थान के वार्षिक तकनीकी उत्सव आवर्तन'23–24 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम संस्थान की टेक्निकल कमिटी टेक्नोक्रेसी द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य तकनीक और रचनात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. एस. बजाज रहे। कार्यक्रम में संस्थान के करियर डेवलपमेंट सेंटर (सी.डी.सी.) के प्रमुख डॉ. समीर बाजपई, डीन (छात्र कल्याण) डॉ.नितिन जैन, टेक्नोक्रेसी समिति के संकाय प्रभारी डॉ. मनु वर्धन, आवर्तन के संकाय प्रभारी डॉ. अनुज शुक्ला एवं



अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ हुई। इसके पश्चात् डॉ. मनु वर्धन ने अतिथियों का स्वागत भाषण देते हुए आवर्तन और टीम टेक्नोक्रेसी का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के साथ-साथ प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और यह भी बताया कि आवर्तन मध्य भारत का सबसे बड़ा तकनीकी उत्सव है, जो विज्ञान नवाचार सीखने और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। डॉ. समीर बाजपई ने टीम टेक्नोक्रेसी को बधाई दी और कहा कि शैक्षणिक पाठ्यक्रम तथा परीक्षा में अच्छे अंक लाने मात्र से ही विद्यार्थी का विकास नही होता बल्कि कॉलेज में होने वाले अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना जीवन में विकास होने के लिए महत्वपूर्ण होता है। कॉलेज हमे वास्तविक जीवन की समस्या को भी हल करने का अवसर प्रदान करता है।

इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. एस. एस. बजाज ने छात्रों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करने के लिए एनआईटी रायपुर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कार्यशालाओं के आयोजन, यात्रा अनुदान और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट (आईपीआर) प्रदान करने के लिए अपना समर्थन देना चाहेंगे। उन्होंने छात्रों से लागत दक्षता और अच्छी गुणवत्ता के साथ प्रतिस्पर्धी रूप से टिकाऊ नवीन उत्पाद बनाने का आग्रह किया। उन्होंने टीम टेक्नोक्रेसी की सफलता की कामना की और आवर्तन जैसे आयोजनों के माध्यम से वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने वाले नए विचारों को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

इसके बाद डॉ. बजाज ने रिबन काट कर विज्ञान प्रदर्शनी की शुरुआत की। आवर्तन के प्रथम दिन में एक विज्ञान प्रदर्शनी शामिल रही, जिसे 'विज्ञान' के नाम से जाना जाता है।इस आयोजन में कुल 43 टीमों ने अपने मॉडल प्रर्दशित किए 7 डेटा विश्लेषण और विज़ुअलाइज़ेशन जैसे विषयों पर काम करने वाले मॉडल, शिशु इनक्यूबेटर, भूकंप डिटेक्टर, अल्जाइमर रोगियों के लिए मेमोरी ऐप, पाइप लाइन लीकेज डिटेक्टर तथा अन्य नवाचार मॉडल इस दौरान प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा आवर्तन में टीम टेक्नोक्रेसी द्वारा अन्य कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं जैसे टेरेन ट्रेडर, सर्किट्रिक्स 2.0, सर्वाइवल, कोडमाइम क्वेस्ट, टैलेंट शो, हाइड्रोलिफ्ट, ऑटोकैड चैलेंज, प्लेनेटेरियम, मैकेनिकल जंक्यार्ड, टेकोनॉमिक क्वेस्ट और स्पीड क्यूबिंग का भी आयोजन किया गया था। साथ ही ब्लॉकचैन पर एक ज्ञानवर्धक वक्ता सत्र का आयोजन किया गया, जिसकी वक्ता रिया यादव थी जो उद्योग में अनुभवी वक्ता है तथा उन्होंने राइज़ इन में कम्युनिटी लीड, कॉइनडीसीएक्स में मार्केटिंग स्पेशलिस्ट और डेलॉइट यूएसआई कंसल्टिंग में बिजनेस टेक्नोलॉजी एनालिस्ट के पद पर काम किया है। कार्यक्रम के पहले दिन के अंत में नृत्यम– द डांस क्लब के द्वारा डांस की प्रस्तुति तथा रागा – द म्यूजिक क्लब के द्वारा संगीत की प्रस्तुति और बैंड प्रस्तुति भी दी गई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोहने का काम किया। आवर्तन के दूसरे दिन 29 अक्टूबर को भी मॉक सीआईडी, लोगो डिजाइजनिंग, जेंगा, रिएक्शन रेसिंग, रोबो सॉसर, अक्टूबर स्काई, एयरोफिलिया, एमएल चैलेंज, रॉयल वालो टूर्नामेंट ह्यूमन टिक–टैक–टो जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## रायपुर में 10 लाख लोगों को नहीं मिलेगा पानी, कल मेगा शट डाउन से सप्लाई रहेगी बाधित

**रायपुर (आरएनएस)।** दीवाली के दौरान पेयजल की किल्लत से लोगों को बचाने के लिए निगम ने तैयारी शुरू कर ली है। फिल्टर प्लांट स्थित 150 एमएलडी प्लांट के इंटकवेल में 1400 एमएम व्यास के रा वाटर एमएस में पाइप लाइन में आए लीकेज का मरम्मत किया जाएगा, जो कि दिनभर चलेगा।

सप्लाई की मेन लाइन में लीकेज की समस्या को सुधारने के लिए 30 अक्टूबर को मेगा शट डाउन लिया जा रहा है।

इस दौरान शहर की 30 टंकियों से पानी की सप्लाई 30 अक्टूबर की शाम और 31 की सुबह नहीं की जाएगी। वहीं, 12 घंटे के इस मरम्मत कार्य के बाद शाम को पहले की भांति पानी की सप्लाई करने का दावा किया जा रहा है। इसकी वजह से शहर की तकरीबन 10 लाख आबादी प्रभावित होगी। वहीं, इस मेगा शट डाउन के रहते ही बिजली



विभाग द्वारा 33 केवी लाइन में भी मरम्मत कार्य किया जाएगा।

वहीं, राजेंद्र नगर की 32 लाख लीटर की टंकी में 500 एमएम व्यास का वाल्व बदलने और पुरानी सीआई एवं एसी पाइप लाइन को अमृत मिशन के तहत बिछाई गई नवीन डीआई पाइप लाअन से इंटरकनेक्शन करने का भी काम किया जा रहा है। जिसकी वजह से गुरुवार शाम से लेकर शुक्रवार की सुबह तक सप्लाई बाधित रहेगी और शाम से पानी की वापस से सप्लाई की जाएगी। इसकी वजह से चार से साढ़े चार हजार घरों में पेयजल की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

**दीपावली में परेशानी से बचने कार्ययोजना**

दीवाली के दौरान शहर में पेयजल की खपत बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पिछले कई दिनों से हुए फिल्टर प्लांट के लीकेज को सुधारने के लिए शट डाउन लेने का निर्णय लिया गया है। ताकि दीवाली सहित त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना शहर के लोगों को न करना पड़े।

निगम के अफसरों के अनुसार 30 अक्टूबर को लिए जा रहे शट डाउन की वजह से शहर की एक बड़ी आबादी प्रभावित होगी। वहीं इसे लेकर निगम के अमले ने सारी तैयारियां कर भी ली हैं। इसके अलावा कहीं विशेष रूप से जरूरत पडऩे पर टैंकरों के भरोसे प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की सप्लाई की जाएगी।

दीपावली के दौरान लीकेज विकराल न हो जाए, इसे देखते हुए फिल्टर प्लांट के इंटेकवेल के रा वाटर पाइप लाइन में मरम्मत करवाई जा रही है, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानियों से बचाया जा सके। -बद्री चंद्राकर, अधीक्षण अभियंता नगर निगम, रायपुर

**30 को इन टंकियों से नहीं होगी आपूर्ति**

भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडी नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा, बैरन बाजार नया एवं देवेन्द्र नगर नया ओवर हेड टैंक जुड़े क्षेत्रों में 30 अक्टूबर को शाम पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी।

## 102 साल की बुधियारिन कौड़ो ने किया डाक मतपत्र से मतदान

**कांकेर (आरएनएस)।** अपने मताधिकार को लेकर सिर्फ साक्षर ही नहीं, निरक्षर मतदाता भी जागरूक हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए इस वर्ष डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके चलते बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। ऐसा ही एक वाकया जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 में देखने को मिला है, जहां अपनी शतायु पार कर चुकीं 102 साल की वयोवृद्ध महिला बुधियारिन बाई कौड़ो ने डाक मतपत्र के ज़रिए स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उम्रदराजी को धता बताते उन्होंने कल 27 अक्टूबर को डाक मतपत्र के माध्यम से चुनाव चिह्न देखकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी को वोट दिया। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कौड़ो ने बताया कि उम्र की अधिकता के चलते 2018 में हुए पिछले निर्वाचन में वह मतदान नहीं कर पाई थीं, जिसका उन्हें आज भी अफसोस है। उसके पहले प्रत्येक विधानसभा व लोकसभा में मतदान करती रही हैं। इस चुनाव में भी शायद ऐसा ही होता, क्योंकि उनके घर से मतदान केंद्र की दूरी लगभग 04 किलोमीटर है। पर इस बार निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र की सुविधा दी है, इसके चलते वह पोस्टल बैलेट से वोट दे पाईं।

## बिना रायल्टी पर्ची रेत-गिट्टी का परिवहन, 15 हाइवा जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** रेत व गिट्टी खदानों से अवैध परिवहन को लेकर खनिज विभाग ने कार्रवाई की है. देर रात फिर से 15 हाइवा को बिना रायल्टी पर्ची रेत, गिट्टी और फर्सी का अवैध परिवहन करते पकड़ा है.



अफसरों के अनुसार इनमें से किसी के भी पास रायल्टी पर्ची नहीं पाई गई. इनमें 12 हाइवा में रेत, एक हाइवा में गिट्टी और दो हाइवा में फर्सी जब्त करने के साथ ही गाडिय़ों को भी खड़ा करवा लिया गया है. यह खनिज खरोरा और मोहमेला से लोड करके लाया जा रहा था. टीम ने खरोरा में दो और तिल्दा में 13 गाडिय़ों को जब्त किया. वाहनों के मालिक कवर्धा और बेमेतरा जिले के बताए जा रहे हैं, सभी हाइवा ढंकी हुई थी.

**ओवर लोड पर कार्रवाई थमी**

बीते दिनों हाईकोर्ट के निर्देश पर ओवर लोड खनिज परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने को कलेक्टर ने कहा था. इसके बाद कुछ दिनों के लिए कार्रवाई शुरू हुई लेकिन अब वह बंद है.

**बीते दिनों संघ ने की थी हड़ताल**

बीते कुछ दिनों तक हाइवा संघ ने कार्रवाई के दौरान गाडिय़ों पर की जाने वाली कार्रवाई को गलत ठहराते हुए हड़ताल भी किया था, जिसकी वजह से कई दिनों तक रेत सहित अन्य सामग्रियों का परिवहन पूरी तरह से बाधित रहा और रेत के दामों में भी बढ़ोतरी हुई थी.

## छत्तीसगढ़ में बनाए जाएंगे 900 संगवारी मतदान केंद्र

- **संगवारी मतदान केंद्रों में महिला अधिकारी-कर्मचारी कराएंगे मतदान, सुरक्षा व्यवस्था भी संभालेंगी महिलाएं**
- **महिलाओं, विकलांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए चुनावों को और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने किए जा रहे हैं विशेष प्रयास**

**रायपुर ।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को महिलाओं, विकलांगों व युवाओं सहित सभी नागरिकों के लिए और अधिक समावेशी और सहभागी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निर्वाचन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 900 संगवारी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दस-दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। इन मतदान केन्द्रों में मतदान दल और सुरक्षा बल सहित अन्य स्टॉफ महिलाएं होंगी।

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों पर महिलाओं द्वारा ही पीठासीन अधिकारी और मतदान से संबंधित अन्य कार्यों को संपादित किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला सुरक्षा बल को सौंपी जाएंगी। इनके साथ ही पोलिंग बूथ की निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग और फोटोग्राफी महिलाओं द्वारा की जाएगी। कंगाले ने बताया कि ग्रामीण




और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ऐसे विधानसभा क्षेत्र जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है तथा पिछले निर्वाचन के दौरान कम मतदान हुआ है, उन क्षेत्रों में विशेष रूप से संगवारी मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे।

## चेकिंग के दौरान 37 लाख रूपए के सोने के जेवरात एवं बिस्किट जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना पुलिस ने बढ़ईपारा स्थित आरा मील के पास चेकिंग के दौरान एक एक्टिवा वाहन चालक के पासे से लगभग 37 लाख रूपए कीमत के सोने के जेवरात एवं बिस्किट बरामद किया है। मामले को पुलिस ने जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के परिपालन में रायपुर पुलिस द्वारा शहर में लगातार दोपहिया/चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रहीं है। इस कड़ी में 27 अक्टूबर को थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत बढ़ईपारा स्थित आरा मील के पास एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग करने के साथ वाहनों की चेकिंग की जा रहीं थी। इसी दौरान एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी/04/एच पी/5211 में सवार एक व्यक्ति कार्टून में कुछ सामान लेकर जा रहा था, जिसे टीम के सदस्यो द्वारा रूकवाकर कार्टून की जांच



की गई। जांच करने पर उसमें सोने के जेवरात एवं सोने का बिस्किट रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम वरूण गोयल निवासी गुढिय़ारी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा सोने के जेवरात एवं सोने की बिस्किट के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा सोने के जेवरात एवं सोने की बिस्किट के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वरूण गोयल के पास रखें सोने के जेवरात एवं सोने की बिस्किट वजनी 589 ग्राम कीमती लगभग 36 लाख 81 हजार 250 रूपये को धारा 102 जा.फौ. के तहत जप्त कर लिया गया तथा जांच में लिया गया है।

## दुकान के पूर्व कर्मचारी ने ही किया था लाखों रूपए के सोने का हार चोरी, गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के मोवा क्षेत्र में दशहरा की रात एक ज्वेलरी दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ज्वेलरी दुकान का पूर्व कर्मचारी है। पुलिस ने आरोपी के पास से लाखों रूपए के सोने के हार बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा में स्वरूपचन्द ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी दुकान संचालित करने वाले सेक्टर 5 टैगोर नगर निवासी सिद्धार्थ बेगानी ने पंडरी थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व होने के कारण वह दुकान को दोपहर करीबन 2 बजे बंद कर घर चला गया तथा अगले दिन 25 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे दुकान में काम करने वाला कर्मचारी देवेन्द्र निर्मलकर दुकान खोलने गया तो देखा कि दुकान के शटर में लगा ताला नहीं था तथा सेन्ट्रल लॉक खुला था।

काउंटर के डिस्प्ले का कांच टूटा था जिसमें लगा हुआ सोने का 3 नग हार नहीं था। जिसके बाद उसने इसकी सूचना सिद्धार्थ को दी। सिद्धार्थ ने दुकान जाकर देखा तो डिस्प्ले में लगा हुआ 3 नग सोने का हार नहीं था। जिये कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पंडरी में धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पंडरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से पृथक - पृथक पूछताछ करने के साथ ही पूर्व में दुकान में काम छोड़ चुके कर्मचारियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर तस्दीक करते हुए अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले कर्मचारी सूरज कुमार मानिकपुरी उम्र 24 साल निवासी ग्राम पाड़ाभाट थाना खरोरा से पूछताछ करने पर वह बार - बार अपना बयान बदलता था तथा अलग - अलग प्रकार की कहानियां बनाकर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर वह ज्यादा देर अपने झूठ के सामने टिक न सका और अंतत: चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी सूरज कुमार मानिकपुरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 3 नग सोने का हार कीमती 6 लाख रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर से कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU